## एक नजर में

### भौतिक में 73, अर्थशास्त्र में 72 रहे अनुपस्थित

**नवभारत न्यूजब्यावरा 13 फरवरी, का.** शुक्रवार को कक्षा 12 वीं हायर सेकण्डरी का भौतिक एवं अर्थशास्त्र का प्रश्न पत्र हुआ. भौतिक में 73 एवं अर्थशास्त्र में 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार भौतिक विषय में कुल परीक्षार्थी 6529 में से 6456 उपस्थित रहे, जबकि 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. जबकि अर्थशास्त्र विषय में कुल 5000 परीक्षार्थी में से 4928 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 72 अनुपस्थित रहे. कहीं पर भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना.

### शिव बारात का भव्य आयोजन



**पडाना 13 फरवरी, सं.** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बैंकवाली मां मित्रमंडल के तत्वाधान में साधनखेड़ी रोड से शिव बारात का भव्य आयोजन होगा. शिव बारात की विशेष अगवानी और स्वागत श्री राम रामेश्वर मंदिर परिसर में महादेव की बेटियां करेंगी. दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रियंका परमार, अलका विश्वकर्मा, अर्पिता परमार, दीक्षा पाटीदार, शिवानी विश्वकर्मा, नंदिनी जलोदिया, लक्ष्मी परमार, सोनाली जलोदिया, योगिता पाटीदार इत्यादि शामिल होंगी. आज 14 फरवरी को हल्दी रसम, रंगोली, मेहंदी, संगीत निशा, भजन कीर्तन, आरती जैसे कार्यक्रम होंगे. महाशिवरात्रि कल 15 फरवरी को शाम 5 बजे से भजन संध्या होगी. शिव बारात की अगवानी के लिए तोरणद्वार, शिव बारात का स्वागत, मंडप छाया, अंगूठी रश्म, वरमाला, कन्यादान जैसे विशेष आयोजन होंगे.

### कक्षा अष्टम का विदाई समारोह



**पडाना 13 फरवरी, सं.** ग्राम भारतीय शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पडाना में कक्षा अष्टम का विदाई समारोह रखा गया विदाई समारोह में विद्यालय के संयोजक मुकेश जलोदिया एवं पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम भैसानिया, अंकित पुष्पद के द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. स्वागत राज एवं वासु के द्वारा किया गया. विद्यालय प्रधानाचार्य प्रीतम बैरागी ने 8वीं के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की. इस मौके पर सपना जलोदिया, ज्योति जलोदिया उपस्थित रहे.

### पशु हाट बाजार से बाइक चोरी

**सुठालिया 13 फरवरी, सं.** थाना अंतर्गत आने वाले नालाझिरी रोड पर प्रति शुक्रवार को लगने वाले पशु हाट बाजार से एक बाइक चोरी का मामला सामने आया हे फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस को की है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार दौलत सिंह पिता कन्हैयालाल लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम अगरपुरा थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना अपनी एचएफ डीलक्स एमपी 08 एम क्यू 3353 बाइक लेकर शुक्रवार सुबह दस बजे नाला झिरी रोड पर स्थित पशु बाजार में आया था. इसी दौरान बाइक का लाक लगाकर गाड़ी खड़ी कर पशु बाजार में चला गया और कुछ देर बाद जब लौटा तो उसे उसकी बाइक वहां नहीं मिली. उसने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. उल्लेखनीय की पशु बाजार से पूर्व में भी कई बाइक चोरी होने के मामले सामने आ चुके हैं.

# इलाज कराने बाहर जाने को मजबूर ग्रामीणजन

## शुक्रवार को सारंगपुर अस्पताल पहुंचे मऊ से इलाज कराने ग्रामीणजन, पानी में क्लोरीन की अधिक मात्रा से तबीयत बिगड़ना आ रहा सामने

**भैंसवा धाम मेले से लौटकर आए ग्रामीण हुए बीमार**

**मऊ, मंग्याखेड़ी, घट्टिया, कल्याणपुर, बीचपड़ी गांवों में बीमार पड़े ग्रामीण**



**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना/ब्यावरा 13 फरवरी, सं. पड़ाना कस्बा क्षेत्र के करीब आधा दर्जर गांवों के कई ग्रामीणों की एकाएक तबीयत बिगड़ने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, विगत दिवस भैंसवा धाम स्थित मेले से लौटकर आने के बाद ग्राम मऊ, मंग्याखेड़ी, घट्टिया, कल्याणपुर, बीचपड़ी के ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ना शुरु हुई. स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन का अमला प्रभावित गांवों में पहुंचा किंतु अभी भी तबीयत में पूरी तरह सुधार नहीं होने पर शुक्रवार को भी कई ग्रामीण उचित उपचार कराने सारंगपुर सिविल अस्पताल व अन्य जगहों पर पहुंचे.**

गौरतलब है कि भैंसवा धाम स्थित मेले से लौटकर आने के बाद अधिकांशत: उल्टी दस्त और घबराहट की शिकायत होना शुरु हुई. इन गांवों में लगभग 100 लोगों के बीमार होने से अफरा-तफरी मच गई. जानकारी लगने पर स्वास्थ्य विभाग, प्रशासनिक अमला गांवों में पहुंचा तथा पीड़ितों का उपचार शुरु किया गया. इन गांवों में केम्प भी लगाए गये.

### पानी में अधिक क्लोरीन की मात्रा का संदेह

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न गांवों के बीमार ग्रामीणों के द्वारा भैंसवा धाम पर स्थित टंकी से पानी पीने, पानी पुरी व अन्य कुछ खाद्य सामग्री खाने की बात कही गई किंतु इनके द्वारा टंकी से पानी पीने की बात मुख्य तौर पर सामने आई. जिस तरह से ग्रामीणों को उल्टी दस्त, घबराहट की शिकायत हुई उसको देखते हुए यह बात सामने आ रही है कि शरीर में अधिक क्लोरिन की मात्रा होने पर इस तरह का प्रभाव होता है. संभवत: पानी की टंकी में पानी साफ करने जो क्लोरीन का उपयोग किया गया उसकी मात्रा निर्धारित से कहीं अधिक रही, इसके चलते उक्त पानी का उपयोग करने पर ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ना शुरु हुआ.

### तीसरे दिन हुई टंकी की सफाई

8 फरवरी को ग्रामीण भैंसवा धाम स्थित मेले में गये हुए थे. वहां से आने के बाद देर शाम से उनकी तबीयत बिगड़ना शुरु हुई, इसके बाद 9 तारीख को भी उल्टी दस्त, घबराहट की शिकायत हुई. इस मामले की जानकारी सामने आने पर 10 फरवरी को अमला पहुंचा तथा बीमार लोगों का उपचार करने के साथ ही भैंसवा धाम स्थित टंकी के पानी के सैम्पल लेकर उसकी सफाई की गई किंतु तब तक टंकी में क्लोरीन की मात्रा काफी कम होकर सामान्य हो चुकी थी.

मऊ निवासी नंदन सिंह के अनुसार शुक्रवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में मऊ गांव निवासी 12 से 15 लोग उपचार के लिए पहुंचे. जिनको उल्टी दस्त की शिकायत कम नहीं हो रही थी. गांव के राधेश्याम पिता बद्रीलाल, राम सिंह पिता चंदर सिंह, कोमलबाई पति रामसिंह, देवीका पिता रामसिंह, तनिका पिता राधेश्याम शुक्रवार को सारंगपुर अस्पताल में ईलाज कराने के लिए पहुंचे. उधर जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार बीमार ग्रामीणों की स्थिति में सुधार हो रहा है. स्थानीय स्तर पर एवं जिले में स्वास्थ्य विभाग का अमला बराबर निगरानी रखे हुए है.

### अचानक बीमार होने से दहशत में लोग

एकाएक इतने गांवों में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से लोग दहशतजदा है, किसी को कुछ समझ नहीं आया कि आखिरकार किस वजह से ऐसा हुआ है. हालांकि स्वास्थ्य विभाग का अमला गांवों पहुंचकर उपचार कर निगरानी रखे हुए है, फिर भी कुछ लोगों की तबीयत में पूरी तरह सुधार नहीं होने पर परिजन उनको अन्यत्र उचित उपचार के लिए ले जा रहे है. स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अब बीमार लोगों की स्थिति बेहतर है, प्रभावित गांवों में बराबर नजर रखी जा रही है.

### योग, ध्यान एवं प्राणायाम सत्र आयोजित

**सुठालिया 13 फरवरी, सं.** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु योग, ध्यान एवं प्राणायाम सत्र का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना रहा. सत्र में योग, ध्यान एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष चर्चा की गई. महाविद्यालय के प्राचार्य व्ही एस बैस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग एवं ध्यान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह मानसिक शांति एवं एकाग्रता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग व प्राणायाम अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. इस अवसर पर डॉ आनंद स्वरूप लहरिया, संतोष पाठक, डॉ दीपा चौरसिया, डॉ मुकेश बंशीवाल, राजकुमार, उमेश सेन, अनिरुद्ध सिंह, पूजा यादव, दशरथ गुर्जर सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे.



# खाटू श्याम के दरबार में लगा श्रद्धालुओं का मेला

## हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर धाम पहुंचकर दर्शन, पूजा-अर्चना की

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 फरवरी, का.** नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गई. मंदिर परिसर 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा. बाबा श्याम का श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो फूलों से किया गया. रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर को भव्य रूप दिया गया. दिन भर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम जारी रहा. दोपहर और शाम की आरती के समय मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे. नगर सहित आसपास के गांवों, दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर दर्शन के लिए आये. कई जगह से भव्य निशान यात्राएं निकाली गई, जो बाबा के दरबार पहुंची.

### महाशिवरात्रि पर होगा 108 सुन्दरकाण्ड का पाठ

**राजगढ़ 13 फरवरी, सं.** नगर के खोयरी रोड़ पर प्राचीन मंदिर जो कि एसी वाले हनुमान जी के नाम से जाने जाते हैं. आज यह मंदिर बहुत चर्चित होकर एसी वाले महॉकाल और एसी वाले हनुमान जी के नाम से जाना जाता है. इस मंदिर पर द्वितीय बार 108 सुन्दरकाण्ड पाठ का समिति द्वारा महाशिवरात्रि के दिन रखा गया है. इस दिन भक्त प्रात: 7 बजे से रात्रि 8 बजे के बीच अपने समयानुसार समय निकालकर एक पाठ कर सकते हैं. पाठको के लिये समिति द्वारा फलआहार की व्यवस्था की है. सुबह से दोपहर महॉकाल का अभिषेक होगा. रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ आयोजना का समापन पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह द्वारा किया जायेगा.

### रविवार को पाठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नेत्र जांच शिविर

**छापीहेड़ा 13 फरवरी, सं.** समीपस्थ प्राचीन तीर्थ स्थल पाठेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में 15 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है. नेत्र शिविर में नेत्र रोगों से संबंधित समस्त प्रकार की जांच एवं मोतियाबिंद के भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, जांच, ऑपरेशन, लेंस, दवाइयां, काला चश्मा, भजन वाहन सुविधा निशुल्क रहेगी. समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध हैं कि नेत्र रोग से संबंधित व्यक्ति इस शिविर में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई.



# भगवान पर विश्वास करें संसार पर नहीं


## ग्राम हबीपुरा में हो रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा, 17 को समापन

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 फरवरी, का. समीपस्थ गांव हबीपुरा में सात दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन चल रहा है. शिवकथा पं कपील कुमार शर्मा के मुखरबींद से रोजाना रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक हो रही है.**

कथा के तृतीय दिवस श्री शर्मा ने बताया कि हमे भगवान पर भरोसा करना चाहिए न कि संसार की बातों पर माता सती ने भगवान शिव की बात पर विश्वास नहीं किया और भगवान राम की परीक्षा लेना चाही. उन्होंने गलती पर गलती की भगवान की कथा में मन नहीं लगाया, भगवान शिव की बात पर अविश्वास किया, राम को भगवान नहीं माना और परीक्षा लेना चाही जिसमें वह अनुउत्तीर्ण हो गई.

कथा का समापन 17 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ होगा. महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा. ग्रामीणों ने अधिक से अधिक संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों से शिवकथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आव्हान किया है.




# अपने से बड़ों का सम्मान और सेवा हमेशा करें

## हांसरौद मार्ग स्थित बडली पर महादेव मंदिर पर चल रही भागवत कथा



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 फरवरी, का.** सुठालिया मऊ के समीप हांसरौद मार्ग पर बडली स्थित भोलेनाथ मंदिर पर भागवत कथा एवं रुद्रयज्ञ का भव्य आयोजन चल रहा है, आयोजन के चौथे दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया.

पांडाल परिसर में चहुंओर नन्द घर आनन्द भयो के जयकारे गूंज उठे. कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा कि सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान की प्राप्ति होती है, अपने माता- पिता और अपने से बड़ो का सम्मान और उनकी सेवा हमेशा करना चाहिए. उनके साथ बैठने का समय निकालों जिससे हमें उनके अनुभव और अच्छी सीख मिल सके. कथा 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगी. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कथा के आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

# अंजनीलाल धाम पर होगा अद्‌भुत आयोजन

## महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर के दरबार में जाने माने भजन गायक, कलाकार देंगे अनूठी प्रस्तुतियां



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 फरवरी, का. महाशिवरात्रि का पर्व नगर सहित जिले भर में बड़े ही श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. शिवालयों, शिव मंदिरो पर धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन होंगे.**

ब्यावरा स्थित श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर इस महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होगा. महाशिवरात्रि के दिन भजनों की सुमधुर ताल पर भोलेनाथ का अद्भुत व अनूठा नृत्य देखने को मिलेगा. प्रख्यात भजन गायकों की टीम अपनी अनूठी व बेमिसाल प्रस्तुतियों से सभी श्रद्धालुभक्तजनों को भाव विभोर करेंगे.

उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट परिवार ने बताया कि जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री अंजनीलाल धाम पर त्यौहारों एवं विभिन्न अवसरों पर धार्मिक आयोजन किए जाते है. गत वर्ष महाशिवरात्रि के दिन मंदिर धाम पर 51 हजार रूद्राक्ष से निर्मित 21 फिट ऊंचाई के भव्य शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया तथा विशाल भजन संध्या का अयोजन हुआ था.

### उज्जैन के कलाकार देंगे प्रस्तुति

इस बार महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को है. इस दिन भजन संध्या के साथ विभिन्न ख्यातिनाम कलाकारों के द्वारा भजनों के साथ आकर्षक प्रस्तुति दी जायेगी. यह आयोजन अपने आप में अनूठा व अद्भुत होगा. उज्जैन के प्रतिष्ठा प्राप्त श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के करीब 15 सदस्यों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी. टीम में भजन गायक-गायिकाएं, गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार शामिल होंगे. श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के प्रमुख सदस्य विवेक भारद्वाज ने बताया कि भजन निशा की टीम के साथ यू ट्यूब पर बहुचर्चित शंकरा ट्रांस फेम राजेश श्रीवास अपनी टीम के साथ विशेष रूप से आ रहे है. जबकि शिव रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध कलाकार अमित भंडारी का भी आगमन हो रहा है. महाशिवरात्रि के दिन सायंकाल 7.30 बजे महाआरती के बाद भजन संध्या प्रारंभ होगी.

**खुशखबरी** ▶ **विकासखण्ड सहित जिले में सरसों (रायडा) की आवक काफी बढ़ी**

# सुरक्षित फसल के रूप में बनी सरसों की पहचान

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 13 फरवरी, का. स्थानीय कृषि उपज मंडी में तिलहनी फसल सरसों (रायडा) की आवक बढ़ने लगी है. ब्यावरा विकासखण्ड सहित जिले भर में सरसों का रकबा काफी बढ़ा है, यह एक सुरक्षित फसल देखी जाती है, यही कारण है कि अब सरसों के प्रति रुझान काफी बढ़ा है. ब्यावरा विकासखण्ड में तो सरसों का रकबा गत वर्ष की तुलना में दोगुना तक पहुंचने की संभावना है.**

उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व तक ब्यावरा विकासखण्ड एवं जिले में सरसों (रायडा) का उत्पादन बहुत ही कम नजर आता था. किंतु अब एकाएक सरसों का उत्पादन बढ़ा है, क्योंकि यह एक सुरक्षित फसल मानी जाती है,



सरसों पर जहां प्राकृतिक आपदा का कोई विशेष प्रभाव नहीं होता है वहीं जानवर भी इस फसल को न के बराबर नुकसान पहुंचाते है.

**6 हजार 800 है. से 15 हजार है. पर पहुंचा रकबा** जानकारी के अनुसार ब्यावरा विकासखण्ड में सिंचित भूमि का रकबा 82 हजार 300 हैक्टर है, जिसमें सर्वाधिक गेहूं फसल का रकबा रहता है. विकासखण्ड में गत वर्ष सरसों का रकबा लगभग 6 हजार 800 हैक्टर रहा था. जबकि इस वर्ष सरसों का रकबा अनुमानित तौर पर लगभग 15 हजार हैक्टर में होना बताया जा रहा है.

**कम खर्च में अधिक मुनाफा** सरसों (रायडा) की फसल कम खर्च में होने वाली है, एक बीघा में 1 किलो बीज या इससे भी कम लगता है. इसका उत्पादन एक बीघा में 4 से 7 क्विंटल तक होताा है. इसके भाव भी अच्छे मिलते है. है. साथ ही कम पानी में भी यह फसल तैयार हो जाती है.

**जानवर नहीं पहुंचाते नुकसान**

ब्यावरा विकास खण्ड के कई क्षेत्रो में जंगली जानवरों का काफी प्रकोप है, जो कि खेतो में खड़ी फसलों को खाकर या नुकसान पहुंचाकर चट कर रहे है. मलावर, सुठालिया, लखनवास, नरसिंहगढ़ के अनेक क्षेत्रों, ग्राम शमशेरपुरा, मोरीखो, भाटपुरा, देवखेड़ी, जामुनिया, खजूरखाड़ी, तवडिया, गुंजारी, बारवां, खजुरिया, मोर्चाखेड़ी, बरखेड़ी, बूड़ाखेड़ा, नसीलपुर सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रो में जंगली जानवरों का काफी प्रकोप है. जानवर खेतो में खड़ी फसलों को खाकर चट कर जाते है, विशेष बात यह है कि सरसों फसल को जानवर नहीं खाते है, हां जानवरों के दौड़ने भागने से कभी कभी फसल को मामूली नुकसान पहुंचता है.

### मंडी में बढ़ी सरसों की आवक और भाव

खेतों में कटाई के बाद सरसों फसल को मंडी में बेचने लाया जा रहा है, स्थानीय कृषि मंडी में सरसों की आवक बढ़ने लगी है. 11 फरवरी को मंडी में सरसों की आवक 686 क्विंटल रही तथा न्यूनतम भाव 4450 रुपये एवं उच्चतम भाव 6550 रुपये रहा. 12 फरवरी को आवक 873 क्विंटल हो गई, न्यूनतम भाव 4945 एवं उच्चतम भाव 6485 रुपये रहा एवं 13 फरवरी को आवक 853 क्विंटल तथा न्यूनतम भाव 5000 रुपये एवं उच्चतम मूल्य 6570 रुपये प्रति क्विंटल रहा.